संख्या-245/2026/I/1347593/2026/003/23-6099/50/2024

प्रेषक,

सुबास राम,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-6 **लखनऊ : दिनांक 30 मई, 2026**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राज्य योजना (ग्रामीण) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत आजमगढ़ क्षेत्र के कतिपय जनपदों के कुल 09 सेतुओं के चालू कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता, (सेतु विंग), लो0नि0वि0, लखनऊ के कतिपय पत्रांक (तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत आजमगढ़ क्षेत्र के कतिपय जनपदों के कुल 09 सेतुओं के चालू कार्य हेतु निम्नानुसार रू0 1053.05 लाख (रूपये दस करोड तिरपन लाख पांच हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	कार्यालय मुख्य अभियन्ता (सेतु विंग) का पत्रांक	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत / प्राविधिक/ बचत/ बचत के उपरान्त कार्य की लागत	अब तक आवंटन	अवशेष	आवंटन धनराशि		
								अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (9+10)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	22124/CE-SEB/RYB/AZM/2026-27 Dt- 27-05-2026	प्रा.ख. मऊ	जनपद मऊ में मऊ बलिया मार्ग से अलीनगर-जयसिंहपुर रोड के सामने तमसा नदी पर सेतु पहुँच मार्ग तथा अति0पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	59/2015/165 आ0/23-10-14-119(सेतु)/2014 दि0 31.03.2015 पुनरीक्षित शासनादेश दि0 19.03.2020	1878.06 1878.06 0.26 1877.80	1783.91	93.89	73.98	19.91	93.89
2	तदैव	नि.ख. बलिया	जनपद बलिया में एस0एच0-1बी पचरुखिया भोपालपुर चांदपुर पुलिया बिहार बार्डर सम्पर्क मार्ग पर धनेसरा बाबा की मठिया सम्पर्क मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नयी पुलिया का निर्माण कार्य।	65/2026/आई/1259752/2026/23-6099/71/2026-दिनांक-09-03-2026	110.77 110.77 0.08 110.69	22.15	88.54	65.40	17.61	83.01
3	तदैव	नि.ख. बलिया	जनपद बलिया में मठ धज्जू गिरि (अन्य जिला मार्ग) पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नई पुलिया के निर्माण कार्य।	104/2026/आई/1270841/2026/23-6099/101/2026-दिनांक-18-03-2026 5	251.51 251.51 1.07 250.44	37.73	212.71	157.73	42.46	200.19
4	तदैव	नि.ख. बलिया	जनपद बलिया में दलछपरा (अन्य जिला मार्ग) पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नवीन पुलिया का निर्माण कार्य।	104/2026/आई/1270841/2026/23-6099/101/2026-दिनांक-18-03-2026	289.67 289.67 1.22 288.45	43.45	245.00	181.67	48.91	230.58

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5	तदैव	नि.ख. बलिया	जनपद बलिया में गोपाल नगर में पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग के पास पुलिया एवं एप्रोच मार्ग के निर्माण कार्य।	113/2026/आई/1270124/2026/23-6099/84/2026-दिनांक-18-03-2026	308.58 308.58 0.80 307.78	61.72	246.06	181.74	48.93	230.67
6	तदैव	नि.ख. बलिया	जनपद बलिया में आई0टी0 बंधा से शाहपुर बभनौली मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नवीन पुलिया का निर्माण कार्य।	135/2026/आई/1278172/2026/23-6099/120/2026-दिनांक-24-03-2026	71.68 71.68 0.09 71.59	14.34	57.25	42.29	11.38	53.67
7	तदैव	प्रा.ख. बलिया	जनपद बलिया में ग्राम पंचायत तुर्तीपार में माली बस्ती के सामने हाहानाला पर पुलिया का निर्माण कार्य।	22/2023/1544/23-10-22-03(सेतु)/2022-दिनांक-03-02-2023	219.65 219.65 0.64 219.01	208.59	10.42	8.21	2.21	10.42
8	तदैव	प्रा.ख. बलिया	जनपद बलिया में ग्राम सभा चवरी में पकड़ी नाले पर पुलिया एवं एप्रोच मार्ग का निर्माण।	113/2026/आई/1270124/2026/23-6099/84/2026-दिनांक-18-03-2026	117.43 117.43 3.54 113.89	23.49	90.40	66.74	17.97	84.71
9	22145 /CE-SEB/RYB/AZM/2026-27 Dt- 27-05-2026	प्रा.ख. बलिया	जनपद बलिया में अमहरा गांव के पास 3x4x4 मी0 स्पान बाक्स कल्वर्ट एवं एप्रोच मार्ग का निर्माण कार्य।	65/2026/आई/1259752/2026/23-6099/71/2026-दिनांक-09-03-26	88.01 88.01 0.16 87.85	17.60	70.25	51.93	13.98	65.91
कुल योग								**829.69**	**223.36**	**1053.05**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(2) राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

(3) उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) उक्त तालिका अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्तें व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

(6) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(7) यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

(8) चालू कार्य की अवशेष धनराशि इस शर्त के अधीन है कि यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि अवमुक्त की जा रही धनराशि पूर्व में अवमुक्त नहीं हुई है। यदि कोई विसंगति/द्विरावृत्ति पायी जाती है तो शासन को तत्काल सूचित किया जायेगा। वर्तमान आबंटन के आधार पर लागत में सम्मिलित अनुरक्षण की धनराशि को व्यय नहीं किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 8,29,69,000 (रुपये आठ करोड़ उनतीस लाख उनहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 2,23,36,000 (रुपये दो करोड़ तेईस लाख छत्तीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(सुबास राम)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) वित्त नियन्त्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
(6) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड, लखनऊ।
(7) संबंधित कोषाधिकारी।
(8) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(9) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(10) नोडल अधिकारी, बजट अलाटमेंट, लोक निर्माण विभाग ।
(11) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुबास राम)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in